# खाद लेने केंद्रों में किसानों की लगी कतारें



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रबी सीजन की तैयारी में जुटे किसानों के लिए खाद की जद्दोजहद शुरू हो गई है। जिले में डीएपी और अन्य खाद की रैंक लगते ही वितरण केंद्रों पर खाद लेने वाले किसानों की भीड़ जुटने लगी है। इधर अधिकारी भी खाद वितरण में पारदर्शिता और व्यवस्थाओं को लेकर चौकस नजर आ रहे हैं।

सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित डीएमओ खाद गोदाम में बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए पहुंचे, हालांकि यहां किसानों की संख्या अधिक होने से उन्हें खाद के लिए इंतजार भी करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर सहायक कलेक्टर शुभम यादव और कृषि उपसंचालक उमेश कटहरे ने जिले में प्रमुख वितरण केंद्रों और निजी विक्रेताओं के यहां खाद का जायजा लिया। कृषि उपसंचालक कटहरे ने बताया कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद प्रदान किया जा रहा है।

ज्ञात हो विगत 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के रैक प्वाइंट पर 2743 मी.टन डीएपी प्राप्त हुआ है। जिसका वितरण डबल लाक केंद्र, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो और पंजीकृत निजी विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार डबल लॉक केन्द्र नरसिहंपुर 238 मी.टन, डबल लॉक केन्द्र करेली 287 मी.टन, डबल लॉक केन्द्र गाडरवारा 277.5 मी.टन, डबल लॉक केन्द्र सालीचौका 160 मी.टन, डबल लॉक केन्द्र गोटेगांव 225 मी.टन, डबल लॉक केन्द्र करकबेल 150 मी.टन साथ ही सेवा सहकारी समितियों को 640 मी.टन सीधे भण्डारण में से दिया गया है। इसके अतिरिक्त एमपीएग्रो नरसिंहपुर को 83 मी.टन डीएपी प्रदाय किया गया है। शेष 397.5 मी.टन जिले के पंजीकृत निजी विक्रेताओं को आवंटित किया गया है।

कृषि विभाग के अनुसार जिले में अद्यतन स्थिति में यूरिया 3808 मी.टन, सिंगल सुपर फास्फेट 2558 मी.टन, पोटाश 273 मी.टन एवं कॉम्प्लेक्स उर्वरक 316 मी.टन उपलब्ध है।

# बालक वर्ग में रीवा एवं बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग विजेता

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते बुधवार को स्थानीय रूद्र मैदान में आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन के पूर्व खेले गए 17 वर्षीय आयु बालक वर्ग के फायनल मैच मे रीवा संभाग ने उज्जैन को 46द्ध15 से एवं बालिका वर्ग मे जबलपुर ने उज्जैन संभाग को 33द्ध23 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग मे ग्वालियर संभाग एवं बालिका वर्ग मे तृतीय इंदौर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा बालक वर्ग मे रीवा संभाग के प्रिंस एवं बालिका वर्ग मे जबलपुर संभाग की मानसी सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रहे।

यहाँ उल्लेखनीय हैं की बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों मे रीवा संभाग ने ग्वालियर को एवं उज्जैन ने भोपाल को एवं बालिका वर्ग मे उज्जैन ने रीवा संभाग एवं जबलपुर ने इंदौर संभाग को हराकर फायनल मैच मे जगह बनाई थी। बुधवार को आयोजित समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अपने उदबोधन मे कहा कि कबड्डी प्राचीन खेल हैं। खेल मे फुर्ती बेहद जरुरी हैं तभी जीत संभव हैं टीम मे आपसी समन्वय से ही मैच जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय के बाद एवं राष्ट्रीय खेल



प्रतियोगिता का आयोजन यहाँ होना प्रसन्नता की बात हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि खेल मे जीत हार होती रहती हैं। इसीलिए हार से निराश होने की जरूरत नहीं हैं बल्कि ये तो एक सबक हैं जिससे सीखकर खिलाडी आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता मे देश के राज्यों से टीमे आएँगी जिन्हे बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम मे तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के कल्याण के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि सभी के आपसी सहयोग से इतना बड़ा आयोजन सम्भव हुआ हैं। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता भी इसी प्रकार सभी के सहयोग से पूर्ण होगी। विदित हो कि समापन कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों द्वारा विजेता, उपविजेता सहित आफिसियल्स एवं अन्य को ट्राफी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर शुभारंभ किया एवं उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक अग्निहोत्री, मनीष शंकर तिवारी, अर्पणा ब्राउन एवं आभार प्रदर्शन मिनेन्द्र डागा ने किया। समापन कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक नरेश पाठक, नपा अध्यक्ष तेंदूखेड़ा विष्णु शर्मा,जिला पंचायत सदस्य योगेश कौरव, अंजू शुक्ला,ऋद्धा स्थापक,धनंजय पटेल,पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा, राजेंद्र साहू,मुकेश मरैया,राव संदीप सिंह, प्रियांक जैन,शिरोमणि चौधरी, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, एसपी मृगाखी डेका,सहायक कलेक्टर शुभम यादव, एसडीएम कलावती ब्यारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार गण एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रासेयो ने नुक्कड़-नाटक से किया विद्यार्थियों को जागरुक



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉक्टर एस के दुबे के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ज्योत्स्ना झारिया एवं विधि विभाग से विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी डॉक्टर चेतना उपाध्याय के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं विधि विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधि विभाग से प्रो.भरत ठाकुर, प्रो. सतीश बैस, डॉ.समीर भैसारे, हेमंत अहिरवार एवं विद्यार्थियों में सोना शर्मा, राशिका चौरसिया, श्रुति गुप्ता, शिखा वर्मा, कविता यादव, नेहा चौधरी, वेदांत दुबे एवं बड़ी संख्या में विधि विभाग के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

### कवि कुमार विश्वास का आगमन 17 को

**गाडरवारा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 नवंबर तक स्थानीय रूद्र मैदान में किया जा रहा है, इस अवसर पर डॉ कुमार विश्वास का आगमन 17 नवंबर रविवार को समय 7=30 बजे रुद्र मैदान पुराना कॉलेज ग्राउंड गाडरवारा में हो रहा हैं।

### नेक टीम आगमन के पूर्व महाविद्यालय की देखी तैयारियां

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निरीक्षण के लिए दिनांक 8 व 9 नवंबर को नेक मुख्यालय बंगलौर से टीम का आगमन हो रहा है, इसके लिए महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन एवं प्राचार्य डा. ए. के. जैन के मार्गदर्शन में काफी तैयारियां की गई, जिसमें छात्रों के लिए शैक्षणिक और अन्य सुविधाओं का उन्नयन, कंप्यूटर लेब का निर्माण,लाइब्रेरी, औडिटोरियम, प्राचार्य कक्ष एवं कार्यालय का रिनोवेशन, खेल सुविधाओं का विस्तार जैसे काम किये गए है, टीम के आगमन के पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, सदस्य अरुण बड़कुर, रत्नेश मिश्रा,अब्दुल फिरोज खान,श्रीमति वंदना काबरा एवं हर्षित तिवारी ने महाविद्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाएँ देखी और किये गए कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया, इस दौरान प्राचार्य डा. एके. जैन, आई क्यु ए सी प्रभारी प्रो. पी. एस. कौरव, प्रो. सुनील पालीवाल, डा. सुनील शर्मा, पुस्तकालय अधिकारी डी .एस. जाट भी उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** माननीय न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के प्रकरण में आरोपी संदीप रजक आ0 सत्यभान रजक आयु 28 वर्ष, निवासी ग्राम राख, थाना उदयपुरा, जिला रायसेन म.प्र., हाल निवास- निरंजन वार्ड चिरहकला, थाना पलोहा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा-366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये अर्थदण्ड तथा धारा- 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 8000/- रूपये के अर्थदण्ड सें दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 2.11.2023 को सुबह करीब 5 बजे अभियोक्त्री संयुक्त शौचालय में निस्तार करने के लिए गई थी तब ही उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी आया और अभियोक्त्री को जबरदस्ती पकड़ कर अपने कमरे में ले गया। अभियोक्त्री चिल्लाई तो आरोपी ने उसका मुंह बंद कर उसे और उसके माता पिता को मारने की धमकी दी तथा अभियोक्त्री के साथ गलत काम किया, जिसके पश्चात अभियोक्त्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर अभियोक्त्री का भाई उसे आवाज देने लगा तो उसके भाई की आवाज सुन कर आरोपी ने अभियोक्त्री को छोड़ दिया और उसे और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। अभियोक्त्री ने घटना के बारे में भाई को नहीं बताया और उसके माता-पिता के घर लौटने पर उन्हें घटना बताई। अभियोक्त्री की रिपोर्ट पर आरक्षी केंद्र गाडरवारा में अपराध क्रमांक 00/2023 पर धारा 363, 366ए, 376, 376(3), 506 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4 के अंतर्गत देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। घटनास्थल आरक्षी केंद्र पलोहा के सीमांतर्गत होने से वहां अपराध क्रमांक 210/2023 पर आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ।

# जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी



## अवैध कच्ची शराब जब्त कर महुआ लहान किया नष्ट

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे विशेष के तहत अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही की गई। जिले विभिन्न थाना क्षेत्रों में 54 आरोपियों की धरपकड कर 357 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त कर 1480 किलोग्राम महुआ लहान किया गया नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब के करोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए दिनांक 06.11.2024 को जिला अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 6 आरोपियों से 60 लीटर कच्ची शराब एवं 200 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया, थाना ठेमी पुलिस द्वारा 3 आरोपियों से 22 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी, थाना तेन्दूखेडा पुलिस द्वारा 5 आरोपियों से 25 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी, थाना चीचली पुलिस द्वारा 3 आरोपियों से 16 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी, थाना सुआतला पुलिस द्वारा 3 आरोपियों से 14 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी, थाना मुंगवानी पुलिस द्वारा 1 आरोपी से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया, थाना करेली पुलिस द्वारा 4 आरोपियों से 20 लीटर कच्ची शराब एवं 150 किलोग्राम महुआ लाहान किया गया नष्ट, थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा 11 आरोपियों से 131 लीटर कच्ची शराब जप्त एवं 530 किलोग्राम महुआ लाहान किया गया जप्त, थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा 18 आरोपियों से 64 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी एवं 500 किलोग्राम महुआ लाहान नष्ट किया गया है। इस प्रकार जिला अंतर्गत 54 प्रकरणों में 54 आरोपियों से 357 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गयी है एवं 1480 किलोग्राम महुआ लाहान एवं बड़ी मात्रा में शराब बनाने की सामग्री नष्ट की गयी है।

# आप हम मृत्यु के अधीन है मृत्यु आपके अधीन नहीं : अजय शास्त्री

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत मनुष्य की 9 अवस्थाएं हैं किंतु डे अभ्यास के कारण उनका दिशा जीव को होता है इसकी पूर्व वृद्धावस्था है यह बड़ी ही नाजुक अवस्था है। इसमें मनुष्य दूसरे के अधीन हो जाता है इसमें बड़ी सावधानी से रहना चाहिए। इसमें उपकार की भावना रखकर सबका हित चिंतन करना चाहिए किसी का अनिष्ट ना करें इससे प्रायश्चित अवस्था भी कहते हैं । पूर्व अवस्था में आज्ञा बस जो पाप भी किए गए हैं उनका इसमें प्रसिद्ध कर लेना चाहिए अन्यथा परलोक में महान कष्ट का अनुभव होता है कोई मरना नहीं चाहता है। किंतु मारना आवश्यक है आप हम मृत्यु के अधीन है मृत्यु आपके अधीन नहीं है वह चाहे आपको मार सकती है जब चाहे तब आपका कोई बस नहीं चल सकता इसलिए इस



भाई से बचने के लिए धर्म का आचरण करना चाहिए मृत्यु कैसे पड़कर खड़ी है । ऐसा समझकर गृहीतियों के शिशु मृत्यु ना धर्म आचार्य जो धर्मनिरपेक्ष कहकर धर्म की अवहेलना करते हैं धर्म के विरुद्ध आवाज उठाते हैं धर्म किस चिड़िया का नाम है उन्हें अंतिम समय इसका अनुभव होगा कि धर्म क्या वस्तु है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# धोखाधड़ी कर सोने-चांदी के जेवर की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में थाना गाडरवारा पुलिस ने आमजनों से धोखाधड़ी कर सोने-चाँदी के जेवर की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 02/10/2024 को प्रार्थी महेश कौरव निवासी महगवाँ कला ने उनकी माँ रेवाबाई से डिजाईन दिखाने की कहकर धोखाधड़ी पूर्वक 04 नग चाँदी के लच्छे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार दिनांक 01/11/2024 को मीराबाई अहिरवार निवासी ग्राम नांदनेर ने शनि मंदिर के पास कामती रोड पर मोटरसाईकल क्रमांक एमपी 05 पी 3219 के अज्ञात चालक द्वारा उनका मंगलसूत्र शनि भगवान के चरणों में रखकर पवित्र करने की कहकर कपटपूर्वक से ले जाने की रिपोर्ट की गई । प्रार्थीगण की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में क्रमश अपराध क्र.1219/24 धारा 316(2), 318(4) बी.एन.एस. एवं अपराध क्र.1223/24 धारा 316(2),318(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

बुजुर्ग महिलाओं को रिश्ते-नातेदार बनाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये । इसी दौरान दिनांक 06/11/2024 को मुखबिर की सूचना पर पशु बाजार डोलाबाबा गाडरवारा से संदेही कमलेश पिता मेहरबान सिंह गूजर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना पलोहा बड़ा जिला नरसिंहपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई । जिसने पूछताछ पर दिनांक 02/10/2024 को ग्राम महगवाँ कला से बुजुर्ग महिला से चार नग चाँदी के लच्छे,दिनांक 01/11/2024 को शनि मंदिर कामती रोड से बुजुर्ग महिला से गले का सोने का मंगलसूत्र को पवित्र करने की कहकर धोखाधड़ीपूर्वक ले जाना एवं दिनांक 01/11/2024 को थाना साईखेड़ा क्षेत्रांतर्गत झिकौली घाट से एक क्ष्स्ट्ट कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट,04 नग सोने की गुरिया, 03 नग चाँदी के लच्छे, पोलो कंपनी का टच स्क्रीन मोबाईल, घटना में प्रयुक्त बजाज कंपनी की सीरी 100 मोटरसाईकल क्र. एमपी 05 पी 3219 जप्त की गई।

आरोपी कमलेश गूजर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल में अंकित नंबर का मोटरसाईकल का रजिस्ट्रेशन नंबर इंजन-चेचिस नंबर से मिलान करने पर वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर से भिन्न होना पाया गया । आरोपी के द्वारा घटना कारित करने हेतु अपनी पहचान छिपाने कूटरचित नंबर प्लेट का उपयोग करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 336(3), 338, 340(2) बी.एन.एस. का ईजाफा किया गया । प्रकरण के आरोपी कमलेश गूजर को गिरफतार कर माननीय न्यायालय ज्यूडीशियल रिमाँड पर पेश किया गया ।

# जिला भाजपा कार्यालय में सुनी गई जनसमस्याएं

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में नर्मदापुरम सांसद चौ.दर्शन सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने जनसुनवाई का आयोजन किया जिसमें उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिलाओं एवं नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से आये जनप्रतिनिधियों की जनसमस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप एवं पत्राचार के माध्यम से समस्या निराकरण करने का प्रयास किया।




इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत चौबे,पुरूषोत्तम पटेल, ब्रजेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, सहकार्यालय मंत्री शिशिर चरण दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, अरूण शर्मा, मुकेश शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, अभिषेक नेमा, अंशुल नेमा, मयंक जैन, नीलेश राय, संजय नामदेव, सहित पार्टी पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# मंत्री परिहार ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में 6 नवम्बर को विद्या भारती मध्य क्षेत्र मंत्री जितेन्द्र सिंह परिहार का अल्प प्रवास पर आगमन हुआ। संस्था अध्यक्ष निरंजन सिंह पटैल व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार सदस्य अजय प्रताप सिंह महाकौशल प्रांत परीक्षा प्रमुख डॉ. संतोष कनोजिया, संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल जिला संस्कार प्रभारी राजेश मेहरा की उपस्थिति इस अवसर पर रही।

श्री परिहार ने आचार्य परिवार की बैठक के माध्यम से विद्या भारती योजनांर्गत विषयों पर मार्गदर्शन देते हुये विद्या भारती पंचपदी शिक्षा पद्धति तथा विद्या भारती के पाँच आयामों पर प्रदान की जा रही शिक्षा पद्धति के वैशिष्ट्य को रखा। विद्या भारती लक्ष्य पूर्ति के संकल्प पर ध्यान केन्द्रित किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुये संस्कार क्षम्य शिक्षा के महत्व को उद्घाटित किया साथ ही बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थीयों को प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिये प्रेरित किया। हारमोनियम, तबला, ढोलक वादन का संगीत आचार्य रामशंकर पटैल द्वारा प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थीगण ने उपस्थित अतिथिगण के मध्य प्रदर्शन किया तथा पूर्व छात्रो से विद्यालय परिसर में स्थापित माँ सरस्वती मंदिर की भव्यता दिव्यता प्रदान करने के लिये अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए आग्रह किया।

# 15 नवंबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आगामी 15 नवंबर को राज्य में कैलेंडर के अनुसार छुट्टी रहेगी। इसे सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी किया गया है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा है और कार्तिक पूर्णिमा हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है इसलिए इस दिन छुट्टी देने का निर्णय लिया गया है। 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती भी है इसे प्रकाश पर्व भी कहते हैं इसलिए इस दिन छुट्टी रहेगी।

# स्मैक पाउडर, जुआ-सट्टा को बंद कराने आज सौंपेंगे ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्मेक, अवैध मादक पदार्थ बिकने से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस समाज विरोधी अपराध के घर तबाह कर दिए हैं। क्षेत्र में स्मेक, अवैध मादक पदार्थों एवं सट्टा जुआ को पूर्ण रूप से बंद कराने हेतु आज 7 नवंबर को दोपहर 2 बजे युवा कांग्रेस एवं क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा पुलिस थाने पहुंचकर एसडीओपी को ज्ञापन सोपा जाएगा। ज्ञापन में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी, सर्व समाज के जागरूक लोगों से उपस्थिति की अपील करते हुए कहा है कि अपने घर परिवार के युवाओं को बचाने के साथ जिले सहित सम्पूर्ण गाडरवारा क्षेत्र में स्मेक को बंद कराना बहुत ही आवश्यक है।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
Sara Group of Institutions
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• प्राथमिक चिकित्सा उपचार
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
• फैशन डिजायनिंग
• संगणक अनुप्रयोग डीसीए
प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883
स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
• सायबर कानून
• जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
• संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए